यहां बढ़ती जनसंख्या और साक्षरता के दबाव में ब्लाक स्तर से भी अखबार निकलने लगे हैं लेकिन इससे खबरों में विखंडन की भी स्थितियां आयी हैं। जिसके कारण पड़ोस की खबर से दूसरे संस्करण वाले वंचित रह जाते हैं। नीलाभ ने कहा कि अखबार पहले भी कमायी के साधन थे, लेकिन उसमें मिशन का भाव था। आजादी की लड़ाई से लेकर बाद के दिनों तक इसके अंदर यह मिशनरी भावना कायम रही, लेकिन जब से ग्लोबल पूंजी का खेल आरंभ हुआ इससे मिशन भाव का लोप हो गया। उन्होंने कहा कि हर धंधा एक प्रोफेशन है इससे एलर्जी उचित नहीं। बल्कि इस प्रोफेशन को गंदा करने वालों की शिनाख्त जरूरी है।

प्रभात खबर के प्रधान संपादक हरिवंश ने निजी अनुभवों से अपनी बात आरंभ की। उन्होंने बताया कि इमरजेंसी के समय जब वे छात्र थे तो अपने मित्र के साथ एजुकेशनल टूर पर दिल्ली गए थे। यहां उनका उद्देश्य जेल से छुटकर आये कुलदीप नैयर से मिलना था। उन्होंने उन स्थितियों का जिक्र किया और बतलाया कि पत्रकारिता का रास्ता उन्होंने क्यों अपनाया? उस दौर में पत्रकारिता की फिलॉसफी थी सच के साथ खड़ा होना। हरिवंश ने कहा कि पत्रकारिता में आने की प्रेरणा उन्हें कुलदीप नैयर से मिली। कुलदीप जी जहां जाते थे वहां फालोअप होता था। उस दौर की जरूरतों और बाद में इमरजेंसी ने मुझे पत्रकारिता में बने रहने का संबल दिया। उन्होंने कहा कि बाद में जेपी ने बड़े बदलाव के लिए अपनी बात कही। इमरजेंसी लगी तो तत्काल कुछ दिखलायी नहीं पड़ा।

हरिवंश ने कहा कि तब के समाज में और खासकर राजनीति में आइडियोलॉजी थी तो उसकी एक बड़ी वजह यह थी कि समाजवादी युवाजन सभा, आर एस एस और कम्युनिस्ट पार्टी से प्रभावित युवाओं की एक बड़ी संख्या पत्रकारिता में आयी जिसकी वजह से इसमें यह आदर्श कायम रहा। उस दौर के पत्रकार मुददों के साथ खड़े होने का विकल्प तलाशते थे। आज के समाज में उस तरह की ईमानदार आवाज दिखायी नहीं पड़ती इसलिए यह कैरियर बन गई है। आज विचारों की दुनिया संकट में है। हरिवंश ने कहा कि बाजारवाद और उपभोक्तावाद के अच्छे और बुरे दोनों पहलू हैं, अधिक से अधिक लाभ और उनका उद्वेश्य है। आज मीडिया के बड़े व्यावसायिक घराने सिर्फ मुनाफा नहीं अधिकतम लाभ के फेरे में हैं ऐसे में छोटे समाचार पत्र के सामने संकट की स्थितियां पैदा हो गई हैं। पेड न्यूज प्रकरण महाराष्ट्, गुजरात समेत पूरे देश में जिस तरह से परवान चढ़ा वह दुखद स्थितियों का सूचक है। विडंबना यह कि कोई सांसद इसे संसद में मुददा नहीं बनाता।

हरिवंश ने कहा कि कंज्यूमर सोसाइटी हमेशा लोभी समाज को पैदा करता है। प्रतिबद्वता आती है आदर्श से। किसी सोच के प्रति झुकाव से। आज एक्सट्रीम लेफ्ट से एक्सट्रीम राइट की ओर कब कौन टर्न कर जाएगा कहना मुश्किल है।

राष्ट्रीय सहारा के संपादक हरीश पाठक ने कहा कि जब–जब अखबार जनसरोकार से दूर हुए हैं उनका नामलेवा कोई नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि यह खबरों के विस्फोट का दौर है जिसमें ब्रांड मैनेजर ही चीजों को तय करता है। श्री पाठक ने ज्यादातर अपने काम के अनुभवों को शेयर किया और आज के बदलते हुए परिप्रेक्ष्य को उन घटनाओं से को–रिलेट करने की कोशिश की। जनसरोकार का आभाव और व्यावसायिक दबाब के बीच आज जरूरत इस बात की है कि अखबार जन संपर्क और जन सरोकारों से जुड़े। इसी में अखबार की वृद्धि होगी और पत्रकारिता की प्रतिबद्धता भी कायम रहेगी।

CIMAGE Editors Meet, 2010

बी बी सी रिपोर्टर मणिकांत ठाकुर ने कहा कि आज अखबारों के पतन का अनुमान इसी से लगाया जा सकता हैं कि यहां पूंजी मुखर होकर अखबारों के पन्नों पर दिख रही है। श्री ठाकुर ने हरिवंश का नाम लेकर कहा कि आखिर क्या वजह है कि उनका प्रभात खबर अब बदले–बदले अंदाज में दिखता है। उनका स्पष्ट इशारा बिहार के बड़े अखबारों के साथ उनके अखबार के भी सरकारी भोंपू

पत्रकारिता का बदलता परिदृश्य और संपादक

में तब्दिल हो जाने की ओर था। जबकि अख्बार नहीं आंदोलन का स्लोगन लिए कभी यह अखबार लोगों को लुभाता था। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह दुखद कि बिहार में बढ़ते भ्रष्टाचार अखबारों की सुर्खियां नहीं बनते ? साथ ही बिहार की मीडिया वंचित वर्गो की आवाज को गौण कर रही है। श्री ठाकुर ने कहा कि आलम यह कि समाचार पत्र प्रचार पत्र का रूप लेते जा रहे हैं।

टाइम्स ऑफ इंडिया के राजकुमार ने कहा कि सामाजिक जिम्मेवारी अगर नौकरी करते हुए हम निभायें तो यह अच्छी बात होगी। पेट भी भरे और क्रांति भी हो यह बात ही व्यवहारिक है। अन्यथा पत्रकारिता के जरिये बदलाव या क्रांति की उम्मीद करना यूटोपिया में जीना है।

एडिटर्स मीट में शामिल सभी लोग मीडिया कमीशन बनाने और एंटी सेंसरशीप डे मनाने के कुलदीप नैयर के प्रस्तावों पर सहमत दिखे।

सिमेज के चेयरमैन वसंत अग्रवाल ने संपादकों को कलम और स्मृति चिहन भेंट किया।

Moulding Minds for Media

हिन्दुस्तान

पाठकों का विश्वास बनाए रखना बड़ी चुनौती : नैयर

पत्रकारिता का बदलता परिदृश्य व संपादक पर हुए सेमिनार में वक्ताओं ने दी राय

हिन्दुस्तान प्रतिनिधि

पटना

पत्रकारिता में उसूल, आदर्श और हिम्मत बहुत जरूरी है। पाठकों का भरोसा है कि अखबार में जो छपता है वह सही है। पाठकों का यह विश्वास बनाए रखना अखबारों के लिए एक बड़ी चुनौती है। ये बातें देश के वरिष्ठ पत्रकार कुलदीप नैयर ने कही। वे सिमेज व कैटलिस्ट मीडिया कॉलेज द्वारा शनिवार को तारामंडल सभागार में 'पत्रकारिता का बदलता परिदृश्य और संपादक' विषय पर आयोजित एडिटर्स मीट में अपनी बात कह रहे थे।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में मीडिया पर काफी अधिक दबाव है। आजादी के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित नेहरू ने अखबारों को लिखने से कभी नहीं रोका। 1975 में आपात काल लगने के बाद अखबारों पर जबर्दस्त असर पड़ा। हालांकि 1977 तक सबकुछ ठीक ठाक था। उन्होंने मीडिया में फैले भ्रष्टाचार पर कहा कि पहले यह देखा जाता था कि कौन बेइमान हैं और अब देखा जाता है कि कौन ईमानदार हैं। राजनीतिक लोग अब वोट के लिए सबकुछ करते हैं। वे देश के लिए कुछ भी नहीं करते हैं। श्री नैयर ने कहा कि पत्रकारों को आजादी की एक और लड़ाई लड़नी पड़ेगी। 'हिन्दुस्तान' के वरिष्ठ स्थानीय संपादक अकु श्रीवास्तव ने कहा कि बदलाव एक प्रक्रिया है और इससे बहुत परेशान होने की जरूरत नहीं है। आज की पीढ़ी में जितनी ईमानदारी है वह दस वर्ष और बरकरार रही तो इसे कोई हिला नहीं सकेगा। आउटलुक के संपादक निलाभ मिश्र ने कहा कि भारत में जनसंख्या और साक्षरता बढ़ रही है। संपादकों को भी नई चुनौतियों का सामना करते हुए रास्ता निकालना होगा। राष्ट्रीय सहारा के स्थानीय संपादक हरीश पाठक ने कहा कि अखबारों को जनसरोकार से जुड़ी खबरों को अधिक महत्व देना चाहिए।

शनिवार को तारामंडल में हुए सेमिनार के दौरान मंच पर बैठे बाएं से प्रख्यात पत्रकार कुलदीप नैयर, प्रभात खबर के प्रधान संपादक हरिवंश, आउटलुक के संपादक नीलाभ मिश्रा और बीबीसी के रीजनल हेड मणिकांत ठाकुर।

प्रभात खबर के प्रधान संपादक हरिवंश ने कहा कि देश व राज्य में फैले भ्रष्टाचार को रोकना होगा और इसमें मीडिया की भूमिका अहम है। बीबीसी के रीजनल हेड मणिकांत ठाकुर ने कहा कि सच और साहस वाली पत्रकारिता पर ध्यान देने की जरूरत है। टाइम्स ऑफ इंडिया के वरिष्ठ सहायक संपादक राजकुमार ने कहा कि अच्छी नौकरी के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाना महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के मीडिया हेड नवेंदु ने किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक नीरज अग्रवाल व अध्यक्ष बसंत कुमार अग्रवाल ने भी अपने विचार रखे।

SUNDAY hindustantimes

Kuldip calls for a media commission

Aloke Chatterjee

PATNA: Veteran journalist Kuldip Nayar urged countywide journalists to observe anti-censorship day each year on June 26. He also demanded the setting up of a Media Commission to define the role of journalists, owners and non-journalists, editors.

With cash-for-news running rampant in 99.9 percent media houses and credibility of journalists at its lowest ebb in the history of journalism, a Media Commission has become a dire need for the times, said the former High Commissioner to UK and former Rajya Sabha member.

Addressing an editors' meet on 'Changing scenario of journalism and editors' organized by Catalyst Media College and CIMAGE at Planetarium auditorium here on Saturday, he gave a call to journalists on the threshold of entering the profession, to launch a campaign to remove the taint often associated with journalists and to serve the poor.

"Drive away the fear of losing your job and never be dishonest to your profession. Believe in yourself," Nayar advised. He claimed all politicians were corrupt. "All of them work for power and never for the nation. All of you must campaign against poverty, hunger, caste and religion. Let pluralism and the constitution be your guiding spirit," he added.

Nayar, one of the few surviving journalists who reported the assassination of Mahatma Gandhi, regretted the judiciary and the press- two pillars of democracy- have started cracking. Morality has vanished from politics after the Emergency, he stated, having borne the brunt of excesses during the time.

The former MP said the Parliament was incapable of providing a directive to take the country out of its present mess. Vehemently opposed to the use of gun for finding solutions to vexing issues, he gave a call for a second battle of freedom as the country's independence was threatened.

However, contesting the opinion of Nayar, Aaku Srivastava, Senior Resident Editor, Hindustan, argued that journalism had lost some of its sheen of the 70s and 80s due to the fact that social targets were not visible today. "JP's 1974 movement was on the verge of collapse when Indira Gandhi clamped emergency and the press had much to write about," he added. Change, Srivastava maintained, was a continuous process. Otherwise, there would be no development, he added.

Neelabh Mishra, Editor, Outlook (Hindi), sounded positive and said despite all drawbacks, the print media was growing, thanks to higher rates of literacy, sending newspaper circulation figures soaring. "I am confident, newspapers may even locate in every district and block headquarter," he added.

"Journalists, who entered the profession during emergency, had the conviction to stand by the truth, as proved by the likes of JP, Nayar and others," said Harivansh, Chief Editor, Prabhat Khabar. Ideology in those days, he said, was still part of politics, which is no more true, he added. Harish Pathak, Resident Editor, Rashtriya Sahara, Manikant Thakur, Regional Head, BBC and Rajkumar, Senior Assistant Editor, Times of India, also spoke.

(Second from left) Kuldip Nayar and others at an editors' meet in Patna on Saturday. HT PHOTO

قومی تنظیم

QAUMI TANZEEM

Qaumi Tanzeem, Patna Sunday-21 March,2010

राष्ट्रीय सहारा

सच कहने की हिम्मत

पत्रकारिता पर आज व्यावसायिक घरानों का दबाव

बिहार से ही निकलेगा अगला जेपी

प्रभात खबर

बिहार जागे... देश आगे

मीडिया कमीशन बनाने की जरूरत : कुलदीप नैयर

नैयर की ऑटोबायोग्राफी का प्रकाशन शीघ्र

सन्मार्ग

...ग्रा आयोग गठित करे सरकार : कुलदीप नैयर

SUNDAY TIMES

Kuldip Nayar's mantra for CIMAGE students

TIMES NEWS NETWORK

Patna: Eminent journalist Kuldip Nayar has said that journalists across the country should observe June 26 as the 'national censorship day' as it was on this day in 1975 that the fourth estate of the country scared of Indira Gandhi's Emergency, surrendered its freedom.

Addressing an Editors' Meet organized by CIMAGE and Catalyst Media College here on Saturday, Nayar recalled the high standards of journalism during colonial and post-colonial days till 1975. "The commitment of journalists to social values is now missing," he said and added the need of the hour is to introspect why we could not realise the dreams of Gandhi and JP ...

... pressed concern over growing commercialization of media while others defended it saying a "saleable news-item" is not necessarily a trivia. "An editor has to think about what kind of information his readers would look for in tomorrow's paper and slot news-items, columns and entertainment pieces accordingly," pleaded one of them.

Earlier, CIMAGE director Neeraj Agrawal, while welcoming the guests, announced that CIMAGE would launch a talent search to identify poor students aspiring to become journalists and offer them scholarships to help them realise their ambition. Catalyst Media College's HoD Navendu conducted the proceedings while CIMAGE chairman Basant Kumar Agrawal thanked the guests.

Nayar later interacted with students of Catalyst Media College on college premises.

EDITORS' MEET

CRIME : Police & Media

Role & Responsibilities of Media & co-ordination between Police & Media

क्राइम रिपोर्टिंग...
सिर्फ सनसनी ही नहीं, एक जिम्मेदारी का काम...
कैसे करें क्राइम रिपोर्टिंग...
तथ्यपरक एवं सनसनीखेज रिपोर्टिंग के बीच का फर्क...

एक जुनून... एक मुहिम...
इंसाफ दिलाने की...
गुनाहगारों को सलाखों के पीछे पहुँचाने की...

क्या हो मीडिया की भूमिका...
क्या हो मापदंड... क्या हो सीमाएँ...

सीधा संवाद बिहार के पुलिस प्रमुख आनंद शंकर और
आजतक के वरिष्ठ ऐंकर व क्राइम रिपोर्टर शम्स ताहिर खान के साथ

Pranav Kumar Chaudhary, Times of India

Kumar Abhishek, Sr. Reporter, Aajtak

Rajesh Ranjan, Deputy News Editor, Hindustan

Navendu, Political Editor, Maurya TV



Students raising questions in the Seminar

CRIME : Police & Media

Role & Responsibilities of Media & co-ordination between Police & Media

CATALYST COLLEGE
(A Unit of Vijayam Educational Trust, A registered Non-Profit Charitable Trust)
An Affiliated College Under Patliputra University, Patna

हिन्दुस्तान

मीडिया हैव डन ए ग्रेट सर्विस : डीजीपी

मीडिया और पुलिस विषय पर सेमिनार, दोनों की भूमिकाओं पर खूब हुई बहस

वरीय संवाददाता

पटना

मीडिया और पुलिस। शनिवार को दोनों की भूमिकाओं पर बहस छिड़ी। रिपोर्टिंग के चक्कर में सबूत नष्ट होते हैं और परेशान होती है पुलिस। खामियों को गिनाने के साथ राज्य के पुलिस प्रमुख ने मीडिया की खूबियों को रेखांकित करते हुए कहा 'यू हैव डन ए ग्रेट सर्विस'। 'पुलिस से पहले मौके पर पहुंच रही मीडिया' के सवाल पर इसे पुलिस की नाकामी बताई गई। पुलिस महानिदेशक आनंद शंकर और न्यूज चैनल 'आज तक' के सीनियर क्राइम रिपोर्टर शम्स ताहिर खान ने एक-दूसरे से अपने पेशे की अपेक्षा बताई। मौका था तारामंडल सभागार में 'कैटलिस्ट मीडिया कॉलेज' द्वारा 'क्राइम : मीडिया और पुलिस' विषय पर आयोजित सेमिनार का।

डीजीपी ने कहा कि पत्रकारों को जानकारी देने के लिए हर जिले में एक नोडल अफसर तैनात होने चाहिये। वरिष्ठ पत्रकार शम्स ताहिर खान ने कहा कि रिपोर्टर और पुलिस के बीच नाजुक रिश्ता होता है। यह दोस्ती गर्ल फ्रेंड व ब्वॉय फ्रेंड की तरह होनी चाहिये। पुलिस द्वारा मीडिया ब्रीफिंग का सिस्टम नहीं किये जाने के मामले में-उन्होंने बिहार को इकलौता राज्य बताया। सेमिनार में कैटलिस्ट के डायरेक्टर नीरज अग्रवाल, एचओडी नवेन्दु, चेयर मैन वसंत अग्रवाल ने भी अपने विचार रखें।

खबर

सबूत सुरक्षित रखने में मीडिया करे सहयोग

आज

मीडिया और पुलिस में समन्वय आवश्यक

राष्ट्रीय सहारा

सूबे में फोरेंसिक जांच की व्यवस्था ठीक नहीं

Tribute to Martyrs 26/11

26/11 शहर ने दी मुम्बई हमलों के शहीद जाबांजों को श्रद्धांजलि

दैनिक जागरण

कहीं याद में जलीं मोमबत्तियां तो किसी ने निकाला मार्च

आतंकवाद के खिलाफ आम शहरी ने दिखाई प्रतिबद्धता

पटना, हमारे कार्यालय संवाददाता : मुम्बई में हुए आतंकी हमले की पहली बरसी पर राजधानीवासी गमगीन रहे। इस हमले में मारे गये जाबांजों को लोगों ने अपने-अपने तरीकों से श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही आतंकवाद के खिलाफ अपनी प्रतिबद्धता दुहराई।

संत कैरेंस सेकेंड्री स्कूल, खगौल के बच्चों ने मुम्बई हमले की पहली बरसी पर राजभवन के समीप स्थित देश के प्रथम राष्ट्रपति डा.राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमा के समक्ष मानव श्रृंखला बनाई। स्कूली बच्चे हाथों में बैनर व प्ले कार्ड लिये थे। जिसमें आतंकवाद के खिलाफ स्लोगन लिखे थे। बच्चों ने शांति के समर्थन में हम सब एक हैं के नारे लगाये। बाद में इस घटना में मारे गये लोगों के चित्रों के समक्ष बच्चों ने मोमबत्तियां जला अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अंत में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना आयोजित की गई। विद्यालय की प्राचार्या अनिता ने मौके पर विश्व शांति की कामना की।

मौर्या लोक काम्पलेक्स के समीप आतंकी हमले के शिकार लोगों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। आइडिया सेल्युलर के 'टाक फार इंडिया' कार्यक्रम के संबंध में दी गई जानकारी के अनुसार 'टाक फार इंडिया आवर' में 26 नवम्बर को रात 8.36 बजे से 9.36 के बीच देश के अंदर की जाने वाली सभी वायस कालों से होने वाली कुल आय भारत सरकार को देश की राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए दान स्वरूप भेंट की जायेगी।

'सिमेज' और 'दी कैरियर कैटेलिस्ट' संस्थान की तरफ से इस मौके पर कैंडिल मार्च का आयोजन किया गया। हाथों में मोमबत्तियां लिये छात्रों ने सिमेज मैनेजमेंट एंड मीडिया कैम्पस से मार्च शुरु किया और बोरिंग रोड चौराहे तक गये। जहां मार्च एक श्रद्धांजलि सभा में बदल गई। यहां आतंकवाद विरोधी कैनवास बोर्ड पर सैकड़ों लोगों ने हस्ताक्षर कर अपनी एकता का प्रदर्शन किया। मौके पर सिमेज के निदेशक नीरज अग्रवाल भी मौजूद थे।

सिविल डिफेंस की तरफ से गुरुवार को मुम्बई हमले की पहली बरसी पर आतंकवाद विरोधी मार्च निकाला गया। जिसका नेतृत्व सिविल डिफेंस के आफिसर कमांडिंग सह चीफ वार्डेन एस.एन.श्याम ने किया। सुबह करीब दस बजे स्थानीय डाक बंगला चौराहा से मार्च प्रारंभ हुआ जो राजधानी के विभिन्न इलाकों से होता हुआ कारगिल चौक तक गया। जहां दो मिनट का मौन रख लोगों ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी। मार्च में सार्जेंट मेजर शांडिल्य वेंकट शर्मा ने लोगों को आतंकवाद के खात्मे की शपथ दिलाई।

कायस्थ क्रांतिकारी विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन के नेतृत्व में गांधी मैदान स्थित जे.पी.गोलंबर के समीप मुम्बई हमलों में मारे गये लोगों के प्रति मोमबत्तियां जला श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में संपूर्ण क्रांति मंच के अध्यक्ष भवेश चंद्र प्रसाद, उपाध्यक्ष कुमार अनुपम, वीनु चैनपुरी, दीपक ज्योति, सुनील सिंह छवियाज आदि मौजूद थे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की तरफ से शाम में कारगिल चौक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सामाजिक संस्था आम आदमी की आवाज की तरफ से मुम्बई हमले में मारे गये लोगों को मोमबत्तियां जला कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गांधी मैदान के समीप स्थित जे.पी.गोलंबर पर आयोजित इस कार्यक्रम में एम.के.सिन्हा, शत्रुघ्न प्रसाद, एस.एन.शर्मा, प्रभात माथुर आदि मौजूद थे। पटना महानगर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी अध्यक्ष शशि कुमार सिन्हा के नेतृत्व में जे.पी.गोलंबर के समीप मुम्बई हमले में मारे गये शहीदों के प्रति 184 मोमबत्तियां जला श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर सूर्य कुमार सिन्हा, अमर कुमार सिन्हा, राम चंद्र आदि मौजूद थे। बिहार प्रदेश जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार कुलवंत सिंह सलूजा की अध्यक्षता में चितकोहरा पंजाबी कालोनी में मुम्बई में हुए आतंकी हमलों में मारे गये शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

शहीदों! तुम्हें शत-शत नमन

गुरुवार को कारगिल चौक पर शहीदों की याद में मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि देते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता, बोरिंग रोड चौराहा पर श्रद्धांजलि स्वरूप अपने संदेश लिखते सिमेज के छात्र-छात्राएं व राजभवन के पास जमा सेंट कैरेंस के बच्चे।

26/11 पहली बरसी
छात्रों ने बनाई मानव श्रृंखला

पटना (का.सं.)। मुंबई में हुए आतंकी हमले की पहली बरसी पर एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए सेंट कैरेंस हाई स्कूल और सेंट कैरेंस सेकेंडरी स्कूल के बच्चों और शिक्षकों द्वारा मानव शृंखला बनाई गई। राज्यपाल भवन के सामने स्थित डा.राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा के पास आयोजित इस कार्यक्रम में 1500 बच्चों ने हिस्सा लिया। देशभक्ति से प्रेरित इन बच्चों ने इस दौरान आतंकवाद के खिलाफ और शांति व सौहार्द्र के लिए नारे लिखे बैनर और प्लेकार्ड का भी प्रदर्शन किया। मुंबई आतंकी हमले में जान गंवाने वाले आमलोग और शहीद हुए जवानों की याद में प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया।

सिमेज और कैटेलिस्ट इंस्टीटयूट के मैनेजमेंट और मीडिया छात्रों ने कैंडल मार्च निकाला। इस मार्च के माध्यम से छात्र-नौजवानों ने मुम्बई के आतंकी हमले में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी और आतंकवाद को शिकस्त देने का संकल्प लिया। यह मार्च संस्थान के कैम्पस से निकलकर बोरिंग रोड चौराहा तक गया और वहां सभा में बदल गया। सभा में आतंकवाद विरोधी कैनवास बोर्ड पर सैकड़ों लोगों ने हस्ताक्षर कर अपनी एकजुटता का परिचय दिया। इस मौके पर सिमेज के निदेशक नीरज अग्रवाल ने अपने विचार रखे।

उधर, सिविल डिफेंस ने जवानों ने आतंकवाद विरोधी मार्च निकाला। मार्च की शुरुआत डाक बंगला चौराहा से हुई जो फ्रेजर रोड, रेडियो स्टेशन होते गांधी मैदान कारगिल चौक तक पहुंचा। वहां पर सिविल डिफेंस के जवानों ने पिछले साल आतंकवादी हमले में शहीद हुए देश के नौजवानों और आमलोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। विरोध मार्च में दर्जनों लोग शामिल थे।

सिविल डिफेंस के आफिसर कमांडिंग एसएन श्याम ने कहा कि देश में बढ़ती आतंकवादी गतिविधियों को रोकने के लिए चौकस रहने की आवश्यकता है। इसके लिए सभी राजनीतिक पार्टियों को पहल करने की जरूरत है। इस मौके पर शांडिल्य वेंकटेश शर्मा, हरेन्द्र नाथ, अरुण कुमार, दिनेश कुमार, चंचल कुमारी, दुलार देवी, रंजन कुमार, कृष्ण कुमार आदि मौजूद थे।

Placements & Internships

Placements-2011

vodafone · S Tel · MTS · HDFC Life · Angel Broking · IDBI BANK · HCL · HSBC · HDFC BANK · Reliance General Insurance · Smaarftech · Sharekhan · Glodyne · British Council · Aircel · S. Chand Harcourt · The Times of India · Brilliant Tutorials · देश Live · मौर्य · Kashish न्यूज़ · Mahindra

पढ़ाई के साथ होगी कमाई

सिमेज के छात्र एम.टी.एस. के साथ करेंगे इंटर्नशिप

पटना (आससे)। सिमेज का सफलता की ओर बढ़ना एक और कदम। अब यहां के छात्र पढ़ाई के साथ इंटर्नशिप और कमाई भी कर सकेंगे। सिमेज कॉलेज प्रांगण में पिछले तीन दिनों तक चले इंटरव्यू में छात्रों की कम्युनिकेशन स्किल, रिटेन स्किल, इंटरव्यू हैंडलिंग, पर्सनालिटी आदि की जांच की गयी और ९० छात्रों का चयन दुनिया की जानी मानी टेलिकॉम कम्पनी एम.टी.एस. द्वारा किया गया। सिमेज के छात्र इस कम्पनी के साथ इंटर्नशिप करेंगे। यह इंटर्नशिप मोबाइल नम्बर पोर्टेबिलिटी प्रोजेक्ट से जुड़ा है जिसके तहत मोबाइल ग्राहक अपने मौजूदा नम्बर को रखते हुए किसी भी मोबाइल सर्विस प्रोवाइडर की सुविधा प्राप्त कर सकता है। यह इंटर्नशिप प्रोजेक्ट स्टाइपन भी मिलेगा। सिमेज के एम.बी.ए., बी.बी.ए., बी.सी.ए. और मीडिया के छात्रों के चेहरे इंटर्नशिप को लेकर खिले थे। इस अवसर पर सिमेज के डायरेक्टर नीरज अग्रवाल ने कहा कि इंटर्नशिप अपनेआप मे अनूठा है। एम.टी.एस. के एच.आर.हेड ने कहा कि इस इंटर्नशिप के दौरान छात्रों को कारपोरेट जगत का एक्सपोजर मिलेगा और यह अनुभव उनके कैरियर का आधार बनेगा। मौके पर सिमेज के प्लेसमेंट हेड श्रीमती मेधा अग्रवाल मौजूद थी।

सिमेज कॉलेज के छात्रों का चयन एमटीएस में

एमटीएस में चयनित छात्र-छात्राएं.

जॉब मेले में 170 को नौकरी

कैरियर कैटलिस्ट कैंपस में नियुक्त पत्र मिलते खुशी से झूम उठे छात्र-छात्राएं

थ्योरी के साथ प्रैक्टिकल, पढ़ाई के साथ कमाई

सीमेज के 90 छात्रों का इंटर्नशिप के लिए चयन

पटना, हमारे प्रतिनिधिः सीमेज कालेज के 90 छात्र-छात्राओं का चयन इंटर्नशिप के लिए किया गया है। चयनित छात्र टेलिकाम कंपनी एम.टी.एस.में इंटर्नशिप करेंगे।

सीमेज के निदेशक नीरज अग्रवाल ने बताया कि इंटर्नशिप प्रोजेक्ट प्रतिदिन चार घंटे छात्र-छात्राओं को करना होगा। शेष चार घंटे छात्र अपनी पढ़ाई करेंगे। इससे उन्हें अपने ज्ञान में वृद्धि करने के साथ-साथ व्यावहारिक पक्ष को मजबूत करने में भी मदद मिलेगी। मौके पर एमटीएस के एचआर हेड संजीव शरण ने बताया कि इस कंपनी में इंटर्नशिप करने वाले छात्र-छात्राओं का चयन कारपोरेट इंटरनेट डाटा सर्विस विश्लेषण के लिए किया गया है। इस दौरान छात्रों को कारपोरेट जगत का अनुभव प्राप्त होगा, जिससे उन्हें कैरियर बनाने में मदद मिलेगी। मौके पर सीमेज के प्लेसमेंट हेड मेधा अग्रवाल एवं नीरज पोद्दार सहित कई लोग उपस्थित थे।

Nagarjun's Ceremony

CIMAGE Knowledge . Skill . Success | वाह ज़िंदगी | CATALYST MEDIA COLLEGE

आमंत्रित करते है आपको परिचर्चा में शामिल होने हेतु

चाहिए एक वैचारिक क्रांति

Vartika Nanda, Sr. Journalist
Ex CEO Lok Sabha TV

गीता श्री सिनियर जर्नलिस्ट आउटलुक	पं. ताराकान्त झा सभापति बिहार विधान परिषद्	डॉ. जगन्नाथ मिश्रा पूर्व मुख्यमंत्री, बिहार	अविनाश सिनियर जर्नलिस्ट एवं ब्लॉगर
नीरज अग्रवाल डारेक्टर सिमेज	अरूण कमल प्रसिद्ध हिन्दी साहित्कार	नवेन्दु पोलिटिकल एडिटर मौर्या टि.वी.	विनोद अनुपम फिल्म समीक्षक

VENUE : Vidhan Parishad SABHAGAR DATE : 15 SEPT 2010 TIME : 2PM

BMCA | PGJMC
Call : 0612-3987777, 9934300443

इस अवसर पर बाबा नागार्जुन की कविताओं पर आधारित वृत-चित्र "मेघ बजे" का लोकार्पण किया जायेगा

अब दिखेगी बाबा की कविता

I NEXT

नागार्जुन पर बनी सीडी को लांच करते (बायें से) गीताश्री, वर्तिका नंदा, डॉ जगन्नाथ मिश्र आदि. इस मौके पर स्पीच देते अविनाश और नवेंदु.

नागार्जुन की कविताओं की

भौतिकता-नैतिकता साथ नहीं चल सकती

युवा रिपोर्टर

...क सरोकार और जिंदगी से जुड़े ...चर्चा करने और इसका निदान ...लिए कैटलिस्ट मीडिया कॉलेज ...ह जिंदगी' की ओर से परिचर्चा ...जन किया गया। विधान परिषद ... में आयोजित इस परिचर्चा का ...व्यस्त दिनचर्या में कहीं सरोकार ...माज के बीच दूरी तो नहीं बनती ...' रखा गया। इस अवसर पर पूर्व ...त्री जगन्नाथ मिश्र ने कहा कि ...के लोगों ने हर क्षेत्र में बिहार का ...ढ़ाया है और बाबा नागार्जुन की ...ओं में सभी प्रकार के विचारों का ...श है। वरीय पत्रकार वर्तिका नंदा ... कि भौतिकता और नैतिकता साथ-...नहीं चल सकती है। आउटलुक की ... संपादक गीताश्री ने देश में वैचारिक

विधान परिषद सभागार में 'मेघ बाजे' सीडी का लोकार्पण करते वरीय पत्रकार वर्तिका नंदा, पूर्व मुख्यमंत्री डा. जगन्नाथ मिश्र व अन्य।

सीमेज की ओर से आयोजित परिचर्चा में दिग्गजों ने रखे विचार

अकाल जैसे कोई स्थिति नहीं है। आ... भी बौद्धिक बहस हो रही है लेकिन आर्थिक और सामाजिक मजबूरियां उन्हें आगे बढ़ने से रोक रही है। पटना यूनिवर्सिटी के प्रो.नवल किशोर चौधरी ने बौद्धिक विकास के लिए इस तरह के परिचर्चा के आयोजन की जरुरत बताई। कैटलिस्ट मीडिया कॉलेज के निदेशक नीरज अग्रवाल ने कहा कि हमारा संस्थान ऐसे समारोह का आयोजन निरंतर कर रहा है, ताकि समाज में सकारात्मक संदेश दिया जा सके। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार नवेंदु, मुकेश, न्यू मीडिया के पत्रकार अविनाश दास, सीनियर जर्नलिस्ट अविनाश और कवि संजय कुमार पंकज भी मौजूद थे।

नागार्जुन की कविताएं प्रासंगिक : मैनेजर पांडेय

सीमेज के कार्यक्रम को संबोधित करते मैनेजर पांडेय.

संवाददाता

पटना : नागार्जुन वस्तुतः संपूर्णता के कवि है. इसलिए उनकी कविताओं में प्रकृति का प्रत्येक अंग मौजूद होती थी. शहरी लोग प्रकृति को पूर्णता में नही देखते. भारतीय गांवों में बसने वाले लोग खुद को प्रकृति का हिस्सा मानते हैं. नागार्जुन की दृष्टि भी ग्रामीणों से मिलती-जुलती है. उक्त बातें जवाहर लाल नेहरू विश्-वविद्यालय के अवकाशप्राप्त हिंदी के विभागाध्यक्ष प्रो मैनेजर पांडेय ने सोमवार को सीमेज मीडिया कॉलेज में महाकवि नागार्जुन की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में कार्यक्रम के दौरान कहीं. उन्होंने बताया कि वे अकाल से पीड़ित किसानों का वर्णन करते वक्त से छटपटाते कुत्ते, चूहे, कौवे और छिपकलियों की दशा का भी चित्रण करते थे. ये सब न सिर्फ भोजन के लिए एक-दूसरे पर निर्भर है. समारोह के आरंभ में युवा पत्रकार विवेक द्वारा निर्मित वृतचित्र प्रदर्शन किया गया. सीमेज के निदेशक नीरज अग्रवाल ने अतिथि का स्वागत किया.

Symposium held on ideological revolution



■ Nagarjun's CD on poetries being released in Patna on Wednesday. AP DUBE/HT PHOTO

Catalyst Institute of Management and Advance Global Excellence (CIMAGE) and Wah Jindagi jointly organised a symposium on 'Need for a ideological revolution' at Bihar Legislative Assembly on Wednesday. A movie CD on the poetries of noted poet Nagarjun, 'Megh Baje' was also released. Journalist Vartika Nanda, Outlook magazine feature editor Geetashri, Maurya TV political editor Navendu, former chief minister Dr Jagannath Mishra, CIMAGE director Neeraj Agarwal and many others addressed the function.

अपनी आवाज का रखें ध्यान : अजीत अंजुम

पटना : नेशनल टीवी चैनल न्यूज 24 के प्रमुख अजीत अंजुम गुरुवार को कैटलिस्ट मीडिया कॉलेज व मैनेजमेंट के छात्रों से रू-ब-रू हुए.इस दौरान उन्होंने मीडिया और प्रबंधन के क्षेत्र में बढ़ रहे रोजगार के अवसर और संभावनाओं की जानकारी छात्रों को दी.उन्होंने बताया कि टीवी इंडस्ट्री में आनेवाले छात्रों के लिए जरूरी है कि वे वाइस ओवर यानी अपनी आवाज पर विशेष ध्यान दें.अच्छी भाषा बोलने के साथ यह भी जरूरी है कि उच्चारण दोष न हो और आवाज भी प्रभावशाली हो.एंकर व रिपोर्टर की पहचान उसकी आवाज से होती है. कार्यक्रम के दौरान सिमेज के निदेशक नीरज अग्रवाल ने स्मृति चिह्न भेंट कर अजीत अंजुम का अभिनंदन किया.

नागार्जुन जन्म शताब्दी पर सिमेज में समारोह

बहुत दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही...

पटना। बहुत दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास। बहुत दिनों तक कानी कुतिया सोयी उसके पास...। महाकवि नागार्जुन की जन्म शताब्दी पर इस समारोह का आयोजन सिमेज मीडिया कॉलेज में किया गया था। इस मौके पर हिन्दी के विख्यात आलोचक और जेएनयू के अवकाशप्राप्त हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो.मैनेजर पांडेय ने नागार्जुन की इन कविताओं को उल्लेखित करते हुए कहा कि ये पंक्तियां सूखा पीड़ित बिहार के लिए आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी आज से दशकों पूर्व अपनी रचना के वक्त थी। उन्होंने कहा कि नागार्जुन वस्तुतः संपूर्णता के कवि हैं। इसलिए उनकी कविताओं में प्रकृति का प्रत्येक अंग मौजूद होता है। उन्होंने कहा कि नागार्जुन अपनी कविताओं में इतिहास के तथ्यों का उपयोग वर्तमान की व्याख्या के लिए करते हैं और इस क्रम में वह उन्हीं तथ्यों का सहारा लेकर भविष्य की ओर भी संकेत कर रहे होते हैं। इससे पूर्व संस्थान के निदेशक नीरज अग्रवाल ने प्रो.पांडेय का स्वागत करते हुए कहा कि उनके व्याख्यान से मीडिया के छात्रों को हिन्दी साहित्य और बाबा के बारे में जानने का मौका मिलेगा। प्रो. पांडेय ने मीडिया छात्रों को हिदायत देते हुए समाज के व्यापक हित में लिखने की अपील की।

आवाज भी बन सकती है पहचान

पटना। रिपोर्टर-एंकर, रिपोर्टर की आवाज से भी उसकी पहचान बनती है। इसलिए मीडिया के लड़कों के लिए जरूरी है कि वे वाइस ओवर अर्थात अपनी आवाज पर भी विशेष ध्यान दें। नेशनल टी.वी. चैनल न्यूज २४ के प्रमुख अजीत अंजुम ने कैटलिस्ट मीडिया कालेज में मीडिया व मैनेजमेंट के छात्रों से मिलकर उक्त जानकारी दी। श्री अंजुम ने कहा कि अच्छी भाषा बोलने के साथ यह भी जरूरी है कि उच्चारण दोष न हो...

आज के दौर में मीडिया के समक्ष कई चुनौतियां : अंजुम

पटना (एसएनबी)। आज के दौर में मीडिया के समक्ष कई चुनौतियां हैं जिसे सोच-समझकर कुशलतापूर्वक निपटाने की जरूरत है। मीडिया कम शब्दों में पूरी बातें रखे ताकि वह अधिक से अधिक सूचनाओं की जानकारी लोगों को दे सके। यह सीख वरिष्ठ पत्रकार अजित अंजुम ने

▶ वरिष्ठ पत्रकार ने छात्रों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दीं

कैटलिस्ट मीडिया कॉलेज में छात्रों को बातचीत के क्रम में दी। उन्होंने मीडिया व मैनेजमेंट के छात्रों से कहा कि आज का दौर स्पर्धा का है। आपको इसे ठंडे दिमाग से सही समय पर निपटाना होगा। तब आप स्पर्धा के दौर में आगे निकल सकेंगे। पत्रकार अंजुम ने टीवी में काम करने के इच्छुक बिहार के छात्रों से कहा कि वे अपनी आवाज के साथ उच्चारण पर ध्यान दे। अच्छा बोलने के दौरान इन सब बातों पर ध्यान देना जरूरी है। क्योंकि ये सब बातें प्रभावशाली ढंग से बोलने में मददगार होती है। मीडिया क्षेत्र के नामचीन चेहरों के अनुभवों से सीख लेने के लिए कैटलिस्ट कालेज इस तरह का कार्यक्रम

▶ आवाज के साथ उच्चारण पर अधिक ध्यान देने पर दिया जोर

करवाता रहा है।

इससे पहले यहां वरिष्ठ पत्रकार कुलदीप नैयर, पुन्य प्रसून वाजपेयी, अजीम शायर, निदा फाजली, शम्स ताहिर खान आदि आ चुके हैं। इस मौके पर सिमेज के निदेशक नीरज अग्रवाल ने पत्रकार अजित अंजुम को अभिनंदन स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट किया।

सम्मान : अजित अंजुम को स्मृति चिह्न भेंट करते सिमेज के निदेशक नीरज अग्रवाल।

Events in association with CII

बदलाव के साथ चलने की जरूरत : ठक्कर

भास्कर ठक्कर

पटना। सेल्स टैक्स के बाद वैट को लागू करने की बात आई तो मिश्रित प्रतिक्रिया आई। अब एक बार फिर सर्विस टैक्स को लेकर आशंका का माहौल है। ये बातें दुनिया की सबसे बड़ी ऑडिट एवं कंसल्टेंट कम्पनी अर्न्स्ट एंड यंग के डायरेक्टर भास्कर ठक्कर ने कहीं।

वे सिमेज तथा सीआईआई के संयुक्त तत्वावधान में वस्तु एवं सेवा कर विषय पर आयोजित सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। मैनेजमेंट मीडिया एवं आईटी कॉलेज सिमेज में यह सेमिनार विशेष रूप से एमबीए डिपार्टमेंट के छात्रों के लिए आयोजित किया गया था। इसमें बिहार के प्रमुख चार्टर्ड अकांउटेंट तथा व्यापार जगत से जुड़े लोगों ने विशेष रूप से हिस्सा लिया।

इस अवसर पर श्री ठक्कर ने कहा अभी देश में गुड्स एण्ड सर्विस टैक्स को लगाने की योजना है। इसे लेकर भ्रम का माहौल है। इस दौरान सिमेज के डायरेक्टर नीरज अग्रवाल ने कहा कि सेवा क्षेत्र अब एक बड़ा सेगमेंट बनकर उभर रहा है। लगातार बदलाव के साथ चलने की जरूरत है।

हिन्दुस्तान

शुक्रवार को वस्तु एवं सेवा कर विषय पर आयोजित सेमिनार में उपस्थित छात्राएं

वार्षिक आमसभा में केन्द्रीय बजट पर चर्चा

पटना, हमारे कार्यालय संवाददाता : सीआईआई की प्रदेश इकाई की मंगलवार को बुलाई गयी वार्षिक आमसभा में केन्द्रीय बजट पर चर्चा की गई। इस दौरान वर्ष 2011-12 के लिए निर्मल्या घोषाल को सीआइआइ का प्रदेश अध्यक्ष, जबकि अमित सरावगी को उपाध्यक्ष चुना गया।

इससे पूर्व केन्द्रीय बजट पर हुई चर्चा के दौरान आईटीसी लिमिटेड, मुंगेर के ब्रांच मैनेजर श्री घोषाल ने केन्द्रीय बजट की विशेषताओं व खामियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने मुद्रास्फीति पर चिंता जताते हुए कहा कि आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए केन्द्रीय बजट में विशेष प्रावधान किये गये हैं। टैक्स में छूट की सीमा बढ़ने से हर व्यक्ति को औसतन दो हजार रुपये का फायदा होगा। वरिष्ठ नागरिकों की आयु सीमा घटने तथा अति वरिष्ठ नागरिकों को विशेष छूट देकर केन्द्रीय वित्त मंत्री ने बढ़िया काम किया है। लेकिन बजट जीएसटी के मुद्दे पर मौन है। मौके पर सीमेज इंस्टीट्यूट के निदेशक नीरज अग्रवाल ने कहा कि केन्द्रीय बजट में चुनाव का असर दिख रहा है। महत्वपूर्ण मुद्दों को छोड़ा गया है।

सीआइआइ की संगोष्ठी में वक्ता — जागरण

परिचर्चा

- एन. घोषाल बने सीआइआइ की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष

मोटे तौर पर इस बजट ने मायूस किया है। उन्होंने सुझाव दिया कि माध्यमिक स्तर पर ही हुनर विकास के कोर्स शामिल किये जाने चाहिये। शिक्षा के अधिकार कानून को उच्च शिक्षा में भी लागू करने की उन्होंने वकालत की। जबकि सीआइआइ के पूर्वी प्रक्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक सौगत मुखर्जी ने कहा कि वैश्विक तौर पर वसूली धीमी है। मुद्रास्फीति भी बड़ी समस्या है। इन सबके बीच प्रणव मुखर्जी ने केन्द्रीय बजट में राजकोषीय घाटे को कम किया है। वे मानते हैं कि केन्द्रीय बजट संतुलित है।

करों का बोझ घटेगा : भास्कर

वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली पर सेमिनार

संवाददाता

पटना : वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली को लागू करना समय की मांग है. इससे करों का बोझ घटेगा व भारत अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेहतर मुकाबला कर पायेगा. ये बातें ऑडिट एवं कंसल्ट कंपनी अर्न्स्ट एंड यंग के निदेशक भास्कर ठक्कर ने कहीं. सीआइआइ व मैनेजमेंट मीडिया एवं आइटी कॉलेज सीमेज द्वारा वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली पर हुए सेमिनार में उन्होंने कहा कि इसका सबसे बड़ा लाभ यह है कि इससे राज्यों का राजस्व भी बढ़ेगा. इसके लागू होने से व्यापारियों को कोई परेशानी नहीं होगी. यह उनके हित में है. साथ ही इससे उनके व्यापार को बढ़ावा ही मिलेगा.

सेमिनार में उपस्थित अर्न्स्ट एंड यंग के निदेशक भास्कर ठक्कर व अन्य.

बढ़ा है दायरा

सीमेज के डायरेक्टर नीरज अग्रवाल ने कहा कि सेवा क्षेत्र एक बड़ा सेगमेंट बन कर उभरा है. सीआइआइ के प्रमुख (बिहार) अर्चन देब ने कहा कि सरकार ने सभी राज्यों के वित मंत्रियों की कमेटी गठित की है जिसकी अनुशंसा के आधार पर ही इसे लागू किया जायेगा.

सीआइआइ, बिहार के उपाध्यक्ष निर्मल्या घोषाल, सीमेज की एचआर हेड मेघा अग्रवाल, चार्टर्ड एकाउंटेंट, विभिन्न कंपनियों के निदेशक सहित सीमेज के एमबीए विभाग के छात्रों ने भी हिस्सा लिया.

CATALYST COLLEGE
(A Unit of Vijayam Educational Trust, A registered Non-Profit Charitable Trust)
An Affiliated College Under Patliputra University, Patna

CIMAGE Against Corruption

More Events

Mr. D. K. Singh (IAS) Director, MSME-DI, inaugurating the entrepreneurship certification programme of MSME at CIMAGE

Students participating in plantation drive on World Environment Day at CIMAGE Campus

Prof. B. K. Agrawal, Chairman Catalyst Group distributing warm cloths to blind girls

Media Workshop with
Cartoonist Pawan & RJ Shashi


Cartoonist Pawan (Hindustan) explaining the art of Cartoon Making

RJ Shashi of Radio Mirchi

Mr. Pankaj Mukul, Mahua TV explaining the finer aspects of camera

Budget Discussion

बजट उच्च आयवालों को समर्पित

पटना: वर्ष 2010-11 के बजट में मध्यम व निम्न वर्ग का ख्याल नहीं रखा गया है. यह उच्च आय प्राप्त करनेवालों को समर्पित है. यह बात सिमेज कॉलेज के ऑडिटोरियम में केंद्रीय बजट 2010-11 का लाइव प्रसारण देखने के बाद छात्र-छात्राओं ने कही.

एमबीए की छात्र **कुमुद** ने कहा कि बजट में निम्न वर्ग की पूरी तरह से उपेक्षा की गयी है. वहीं **वत्सानंद वत्स** ने कहा कि पूर्वी राज्यों में हरित क्रांति लाने के लिए 400 करोड़ रुपये का प्रावधान है. इसके लिए उन्नत बीज व सिंचाई की उचित व्यवस्था होनी चाहिए थी. रूपा ने कहा

सिमेज कॉलेज के छात्रों की राय

कि बजट में ढांचागत विकास के लिए काफी राशि रखी गयी है, जो कि सकारात्मक व दूरगामी परिणाम देने में सक्षम होगा.

केट्लिस्ट इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड ग्लोबल एक्सीलेंस की ओर से 'बजट कितना अच्छा कितना सच्चा' के तहत इस कार्यक्रम के बारे में बताते हुए संस्थान के निदेशक **नीरज अग्रवाल** ने कहा कि केंद्रीय बजट एक महत्वपूर्ण घटना है. मैनेजमेंट व मीडिया के छात्रों को खासतौर पर इससे सक्रियता के साथ जुड़ना चाहिए.

सिमेज में बजट पर चर्चा

पटना। केंद्रीय बजट 2010-11 के बारे में कैटलिस्ट इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड एडवांस ग्लोबल एक्सीलेंस के छात्रों ने लाइव चर्चा की। इस चर्चा में एमबीए, मीडिया और आर्थिक क्षेत्र के विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। सिमेज कॉलेज ऑडिटोरियम में बजट का लाइव प्रसारण देखने के बाद बजट पर चर्चा की शुरुआत की गई।

एमबीए छात्र कुमुद ने बजट को उच्च आय प्राप्त करने वालों का बताया। वात्स्यायन वत्स ने कहा कि उन्नत बीज और सिंचाई की उचित व्यवस्था पर ध्यान नहीं देने के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया। प्रीति ने शिक्षा को सर्विस टैक्स के दायरे में लाने के फैसले पर नाराजगी प्रकट की। रूपा ने सर्विस टैक्स को दस प्रतिशत पर रोकने के फैसले की प्रशंसा की। चर्चा में आर्थिक विश्लेषक के रूप में एनके रोहतगी, जीएस नवेटिया, नीतीश कुमार सहित अन्य ने हिस्सा लिया। संस्थान के निदेशक नीरज अग्रवाल ने बच्चों को बजट के बारीकियों पर ध्यान देने की सलाह दी।

सिमेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्र और शिक्षक। • हिन्दुस्तान

Tie-up with IIM-C & IIT-D

प्रबंधन की पढ़ाई के लिए बाहर जाना जरूरी नहीं

पटना (एसएनबी)। प्रबंधन के क्षेत्र में उच्च शिक्षा के लिए बिहारी छात्रों को अब बाहर जाने की जरूरत नहीं। सिमेज ने इस दिशा में पहल करते हुए एमबीए की पढ़ाई के साथ आईआईएम कोलकाता और आईआईटी दिल्ली के सर्टिफिकेशन कोर्सेज की घोषणा की।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त इन कोर्सेज को पटना में कराने हेतु कैट्लिस्ट प्रबंधन एवं आधुनिक वैश्विक उत्कृष्टता संस्थान, मैकेनिकल इंडिया, आईआईएम कोलकाता और आईआईटी दिल्ली के बीच करार पर हस्ताक्षर किए गए। इस बात की जानकारी सिमेज के निदेशक नीरज अग्रवाल और मैकेनिकल इंडिया एडुकेशन के ईस्ट हेड प्रसोनजीत रॉय ने पत्रकार सम्मेलन में दी। उन्होंने बताया कि आईआईएम कोलकाता द्वारा सिमेज के एमबीए के छात्रों कॉरपोरेट फिनांस का सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा तथा छात्रों को बहुराष्ट्रीय कंपनियों में महत्वपूर्ण वित्तीय फैसलों को लेने हेतु सक्षम बनाया जाएगा। वहीं आईआईटी दिल्ली द्वारा सप्लाई चेन मैनेजमेंट का सर्टिफिकेट दिया जाएगा। इस कोर्स के तहत कम संसाधन में अधिक उत्पादकता के गुर सिखाए जाएंगे।

CIMAGE to tie-up with IIM, IIT

Patna: Bihari students aspiring to pursue a quality course in management need not go outside the state now. For, city's leading management institute, CIMAGE, would now offer IIM-Calcutta and IIT-Delhi certification courses to its students in addition to the MBA course being pursued by them.

To bring these internationally recognised courses to Patna, an agreement has been signed among Catalyst management, MacMillan India, IIM-Calcutta and IIT- Delhi.

"Those pursuing an MBA course at CIMAGE would get an IIM-Calcutta certificate in corporate finance," CIMAGE director Niraj Agrawal told a presser he jointly addressed here on Friday with Macmillan India Education head (east) Prasanjeet Roy. These students would also get IIT-Delhi certificate in supply chain management.

Agrawal said certificates of IIM and IIT along with an MBA degree would be of great help for students looking for jobs in the corporate world which is fast recovering from the economic slowdown. The students would not have to pay extra fee for getting IIM and IIT certificates.

Roy said CIMAGE is Bihar's only institution which has been selected for these courses because of its rich infrastructure and trained faculty.

He also said the training in corporate finance offered by IIM-Calcutta is of very good quality and teachers from there would come to Patna to guide CIMAGE students. TNN

आईआईएम के कोर्स अब पटना में

पटना। आईआईएम कोलकाता व आईआईटी दिल्ली के कोर्स का मौका अब बिहार के छात्रों को भी मिलेगा। सिमेज ने दोनों संस्थानों के सर्टिफिकेट कोर्स की शुरुआत की है।

इसके लिए सिमेज व मैकमिलन के बीच करार पर शुक्रवार को हस्ताक्षर किया गया। सिमेज के निदेशक नीरज अग्रवाल व मैकमिलन इंडिया एडुकेशन के ईस्ट हेड प्रसेनजीत राय ने इस करार पर हस्ताक्षर किया। इसके बाद दोनों ने बताया कि आईआईएम कोलकाता द्वारा एमबीए के छात्रों को कॉरपोरेट फाइनांस में सर्टिफिकेट कोर्स और आईआईटी दिल्ली के मैनेजमेंट विभाग द्वारा सप्लाई चेन मैनेजमेंट का सर्टिफिकेट कोर्स कराया जाएगा। उन छात्रों को इसके लिए अतिरिक्त शुल्क नहीं लगेगा। इस मौके पर नीरज अग्रवाल ने कहा कि दोनों कोर्स चार-चार माह के हैं और इससे छात्रों को विषय के बारे में विशेषज्ञता हासिल करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि एमबीए पास स्टूडेंट्स भी इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकते हैं। कोलकाता से आए प्रसेनजीत ने कहा कि मैकमिलन आईआईटी दिल्ली व आईआईएम कोलकाता के ऑनलाइन कार्यक्रमों को संचालित करती है और सिमेज से समझौता होने से वे हमारे कार्यक्रमों का लाभ ले सकते हैं। संस्थान के अध्यक्ष बसंत कुमार अग्रवाल ने कहा कि छात्रों को बेहतर शिक्षण सुविधा उपलब्ध कराने के प्रति हम कृतसंकल्प हैं। (हि.प्र.)

करार पत्र का आदान-प्रदान करते सिमेज के नीरज अग्रवाल व मैकमिलन के प्रसेनजीत राय।

CATALYST COLLEGE

(A Unit of Vijayam Educational Trust, A registered Non-Profit Charitable Trust)
An Affiliated College Under Patliputra University, Patna

World Cup @ CIMAGE

CATALYST COLLEGE

(A Unit of Vijayam Educational Trust, A registered Non-Profit Charitable Trust)

An Affiliated College Under Patliputra University, Patna

» (From L to R) ROOTING FOR INDIA'S VICTORY: Cricket fans wearing masks of their favourite players; girls with their faces painted in colours of India and Pakistan national flags; students taking out a rally with posters of the World Cup trophy, in Pa

मैच के रोमांच से छाएगा सन्नाटा

युवराज बनो जीत का सरताज...

intervention sought for India in

वर्ल्ड कप के दिवानों के साथ सड़कों पर निकले गिलानी और मनमोहन

मंदिरों में बजी घंटियां मस्जिदों में मांगी दुआ

Seminar on Neighbourhood Library

लाइब्रेरी ज्ञान का भंडार

अच्छी किताब की तलाश. फोटो। प्रभात खबर

पटना : सिमेज पब्लिक लाइब्रेरी महत्वपूर्ण है, क्योंकि निजी क्षेत्र में यह काफी बड़ा पुस्तकालय है. ये बातें मंगलवार को लाइब्रेरी के उद्घाटन समारोह में आयोजित संगोष्ठी में सिन्हा लाइब्रेरी के पूर्व पुस्तकालयाध्यक्ष रामशोभित प्रसाद सिंह ने कहीं. उन्होंने कहा कि पुस्तकालय ज्ञान का भंडार होता है. किसी भी समाज को आगे ले जाने के लिए यह आवश्यक है कि वह अपने ज्ञान के भंडार को सुरक्षित रखे. संगोष्ठी में भारतीय राजस्व सेवा के अवकाशप्राप्त अधिकारी एएम प्रसाद ने सिमेज के कदम की सराहना की. मौके पर एएन सिन्हा समाज अध्ययन संस्थान के अवकाशप्राप्त मुख्य पुस्तकालयाध्यक्ष एसएफ रब, संस्थान के निदेशक नीरज अग्रवाल सहित कई लोग मौजूद थे.

पाठकों को भा रही सिमेज पुस्तक प्रदर्शनी

पटना, संवाद सूत्र: सिमेज के सार्वजनिक पुस्तकालय की स्थापना के अवसर पर चल रही पुस्तक प्रदर्शनी में पाठकों की भीड़ उमड़ रही है। सिमेज के निदेशक प्रो. नीरज अग्रवाल ने बताया कि पुस्तकालय में 50000 से भी ज्यादा किताबों का संग्रह है। जिसमें प्रबंधन, सूचना तकनीक, पत्रकारिता, साहित्य व कला, राजनीति, समसामयिक व अंतरराष्ट्रीय मुद्दों से जुड़े विषयों से सम्बन्धित किताबें मौजूद हैं। इन किताबों का लाभ उठाने के लिए पाठक 10 रुपये में मासिक, 100 रुपये में वार्षिक और 1000 रुपये में पुस्तकालय के आजीवन सदस्य बन सकते हैं। उन्होंने नये सत्र के लिए जुलाई से नामांकन की घोषणा भी की। प्रदर्शनी में बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष निशा झा ने कहा कि यह प्रबंधन, आइटी व मीडिया के छात्रों के लिए बेहद उपयोगी है।

Justice Dharampal Sinha

Mr. S. F. Rav, Librarian, A. N. Sinha Inst.

Mr. A. M. Prasad, Ex.Spl. Secretary (Revenue)
Central Govt., Chairman NHRD

Mr. Ramshobhit Singh,
Head Librarian, Sinha Library

Workshop of CIMAGE Theater Club

व्यक्तित्व विकास के लिए संस्कृति जरूरी

सिमेज कॉलेज में थियेटर क्लब शुरू. फोटो। प्रभात खबर

संवाददाता ▪ पटना

सिमेज कॉलेज में थियेटर क्लब की शुरुआत जाने-माने टीवी कलाकार विनीत कुमार ने की. उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व के विकास के लिए कला एवं संस्कृति से जुड़ना जरूरी होता है. उन्होंने छात्रों को रंगमंच से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि कला एवं संस्कृति की विधाएं न सिर्फ हमारे समाज एवं संस्कृति को समृद्ध करती हैं बल्कि हमारे व्यक्तित्व को भी निखारती हैं. उन्होंने मौके पर छात्रों के सवालों का जवाब भी दिया. सिमेज की छात्रा सुनीता, प्रेरणा, प्रीति, प्रिया,फिरदौस, छात्र समीर, अतुन शत्रुंजय, तपेश और आरिफ ने प्रश्न पूछे. संस्थान के निदेशक प्रो नीरज अग्रवाल ने कहा कि सिमेज कॉलेज में थियेटर वर्कशॉप होगा, जिसमें देश के नामी कलाकार एवं रंगमंच कर्मी भाग लेंगे. इस अवसर पर प्रो नीरज पोद्दार, मेधा अग्रवाल और पुरुषोत्तम उपस्थित थे.

सिमेज कॉलेज थिएटर क्लब शुरू

सिमेज के मोटिवेशनल प्रोग्राम को एड्रेस करते गेस्ट.

inext reporter

PATNA (10 May) : सिमेज कॉलेज के थिएटर क्लब की शुरुआत जानेमाने फिल्म एवं टीवी आर्टिस्ट विनीत कुमार के आने से हुई. लापतागंज, रामखिलावन सीएम एंड फैमिली जैसे टीवी सीरियल्स के इस मशहूर एक्टर ने सिमेज में स्टूडेंट्स के साथ इंटरैक्शन किया. इस दौरान विनीत कुमार ने कहा कि पर्सनालिटी डेवलपमेंट के लिए आर्ट एंड कल्चर से जुड़ना जरूरी है. उन्होंने कहा कि रंगमंच हमारे जीवन से जुड़ा है. बीच में रंगमंच बुरे दौर से गुजर रहा था लेकिन अब स्थिति बदल रही है. इस दौरान सिमेज के टीचर्स भी मौजूद थे.

व्यक्तित्व विकास को कला-संस्कृति से जुड़ें

पटना | **वरीय संवाददाता**

सफलता मंजिल नहीं बल्कि एक सफर है। हमें सफलता-असफलता की चिंता छोड़ अपने कार्यों को पूरी ईमानदारी से करते रहना चाहिए। ये बातें जानेमाने रंगकर्मी, फिल्म एवं टीवी कलाकार विनीत कुमार ने सिमेज कॉलेज के छात्रों को बताईं। उन्होंने छात्रों को कहा कि प्रत्येक दिन कम से कम दो घंटे कला एवं संस्कृति को समर्पित करें।

पुस्तकालय में कथा, साहित्य, नाटक, व्यंग्य एवं कविताओं को पढ़ें। संगीत सुनें, वाद्य यंत्र बजाएं, नाटक देखें। कुछ समय बाद वे स्वयं अपने जीवन में बदलाव महसूस करेंगे। पटना में जन्मे और एनएसडी से पासआउट विनीत ने कई भाषाओं के फिल्मों में काम किया है। टीवी सीरियल लापतागंज में कछुआ चाचा के किरदार से घर-घर में पहचाने जाते हैं। उन्होंने सिमेज कॉलेज में थियेटर क्लब पर बधाई दी। उन्होंने छात्रों से रंगमंच से जुड़ने का अपील भी की। मौके पर पर संस्थान के निदेशक नीरज अग्रवाल ने कहा कि कॉलेज में थिएटर वर्कशॉप का आयोजन कराया जाएगा जिसमें नामी कलाकार और रंगकर्मी भाग लेंगे। सुनीता, समीर, प्रेरणा, शत्रुंजय, फिरदौस, अतुल, प्रीति, तपेश, प्रिया और आरिफ सहित अन्य छात्रों ने विनीत कुमार से कई सवाल भी किए।

सिमेज कॉलेज के छात्रों के साथ जाने माने रंगकर्मी विनीत कुमार।

Merit Reward Ceremony

CIMAGE choir group welcoming the chief guest by singing the welcome song

Mr. M. K. Sachdeva, CEO MTS, Inaugurating the event by lighting the lamp

Students who have secured 1st, 2nd & 3rd position in their batches were awarded Titan wrist watches.

Students doing anchoring of the event

Students performing a play on social issue

लहरों से डर कर नौका पार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।

नन्हीं चींटी जब दाना लेकर चलती है,
चढ़ती दीवारों पर, सौ बार फिसलती है।
मन का विश्वास रगों में साहस भरता है,
चढ़कर गिरना, गिरकर चढ़ना न अखरता है।
आखिर उसकी मेहनत बेकार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।

डुबकियां सिंधु में गोताखोर लगाता है,
जा जा कर खाली हाथ लौटकर आता है।
मिलते नहीं सहज ही मोती गहरे पानी में,
बढ़ता दुगना उत्साह इसी हैरानी में।
मुट्ठी उसकी खाली हर बार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।

असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो,
क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो।
जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम,
संघर्ष का मैदान छोड़ कर मत भागो तुम।
कुछ किये बिना ही जय जय कार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।

-डॉ. हरिवंश राय बच्चन

CIMAGE Group of Institutions

CATALYST COLLEGE
(A Unit of Vijayam Educational Trust, A registered Non-Profit Charitable Trust)
An Affiliated College Under Patliputra University, Patna

Affiliated College of
Patliputra University, Patna
College Code: 445

BCA | BBA | B.Sc-IT

Plot No. C16(P), Infront of Coca Cola,
Patliputra Industrial Area, Patna - 800013

Ph : 0612-6450194, 9835024444, 9934300443

Web : www.catalystcollege.in email : info@cimage.in